राजस्थान पत्रिका

JAIPUR | MONDAY, 20 JANUARY 2025

हेल्पलाइन नंबर जारी

साइबर अपराध से निपटने के लिए जागरूकता अभियान शुरू

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

जयपुर .व्हाट नाउ ने साइबर बुलिंग, साइबर हैरेसमेंट, महिलाओं व बच्चों के साइबर एब्यूज से निपटने तथा सुसाइड की रोकथाम के लिए राज्य में जागरूकता अभियान शुरू किया है।

महाराष्ट्र, तेलंगाना, बिहार के बाद अब संस्था ने राजस्थान में भी साइबर क्राइम के प्रति लोगों में जागरूकता फैलाने के लिए इसकी शुरू की है। साइबर बुलिंग, साइबर हैरेसमेंट या साइबर क्राइम का शिकार होने वाले.लोगों की मदद के लिए एक हेल्पलाइन नंबर 91-9019115115 जारी किया है। इस पर कॉल कर पीड़ित मदद मांग सकता है।

साइबर क्राइम एसपी शान्तनु कुमार ने बताया कि आज के समय में साइबर क्राइम के प्रति जागरूकता जरूरी है। व्हाट नाउ के साथ मिलकर राजस्थान में इस पर कार्य किया जाएगा। इस दौरान व्हाट नाउ की फाउंडर नीति गोयल भी मौजूद थीं।